सं0सं0-स0क0स्था0(मु0)-70/2026-...4359...

**बिहार सरकार**

**समाज कल्याण विभाग**

-:: आदेश ::-

बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार, पटना द्वारा एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अधीन कुल-04 सेवा अंतर्गत सफल घोषित अभ्यर्थी की अनुशंसा विभाग को उपलब्ध कराया गया है जिसमें से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के लिए 12, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा के लिए 12, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के लिए 9 एवं सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई के लिए 9 उम्मीदवारों की अनुशंसा विभाग को प्राप्त हुई है।

उक्त सफल घोषित उम्मीदवारों की अनुशंसा के आलोक में विभाग स्तर से बिपार्ड, पटना में प्रतिनियुक्त विभागीय पदाधिकारियों/कर्मियों के द्वारा उक्त अभ्यर्थियों का Document Verification दिनांक-27-31 जुलाई, 2026 के दौरान किया गया जिसमें से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के लिंए अनुशंसित 12 अभ्यर्थी में से 8, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा के लिए अनुशंसित 12 अभ्यर्थी में से 9, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के लिए अनुशंसित 9 अभ्यर्थी में से 9 एवं सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई के लिए अनुशंसित 9 में से 8 अभ्यर्थी उपस्थित हुए हैं।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक-05.08.2026 द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए सूचित किया गया है कि बिहार लोक सेवा आयोग के एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्रों का सत्यापन (Document Verification) की कार्रवाई दिनांक-27 से 31 जुलाई, 2026 तक बिपार्ड, पटना में सम्पादित किया जा चुका है। वैसे चयनित सभी अभ्यर्थी जिनका प्रमाण-पत्रों का सत्यापन किया जा चुका है, को दिनांक-12.08.2026 के पूर्वाह्न 09:30 बजे बिपार्ड, पटना में योगदान किया जाना है।

तदालोक में बिहार लोक सेवा आयोग से समाज कल्याण विभाग के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों जिनका प्रमाण-पत्रों का सत्यापन विभाग द्वारा बिपार्ड, पटना में किया जा चुका है, उन्हे निदेशित किया जाता है कि वे दिनांक-12.08.2026 को पूर्वाह्न 09:30 बजे बिपार्ड, पटना में योगदान करना सुनिश्चित करेंगे।

2. उक्त पर अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

06/08/26

उप सचिव,

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- स0क0स्था0(मु0)-70/2026-....4359.... पटना, दिनांक-....6.8.2026....

प्रतिलिपि :- एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर विभाग अंतर्गत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी/ सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग/ दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग एवं बाल संरक्षण इकाई के पदों पर सफल घोषित उम्मीदवारों, जिनके द्वारा प्रमाण-पत्रों का सत्यापन कराया जा चुका है, को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

06/08/26

उप सचिव,

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- स0क0स्था0(मु0)-70/2026-....4359.... पटना, दिनांक-....6.8.2026....

प्रतिलिपि :- महानिदेशक, बिहार लोक प्रशासन एव ग्रामीण विकास संस्थान, वाल्मी परिसर, फुलवरी शरीफ, पटना/ संयुक्त सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

06/08/26

उप सचिव,

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- स0क0स्था0(मु0)-70/2026-....4359.... पटना, दिनांक-....6.8.2026....

प्रतिलिपि :- श्री अभिनव कुमार, आई0टी0 मैनेजर, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय WebSite पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

06/08/26

उप सचिव,

समाज कल्याण विभाग।